एक नजर में

श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर सिरपुर में जीर्णोद्धार एंव प्राण प्रतिष्ठा , 8 हजार ने ग्रहण किया भण्डारा

सिरपुर। श्री सार्वजनिक गुप्तेश्वर महादेव मंदिर,ग्राम सिरपुर व ग्राम शिकारपुरा जिला बुरहानपुर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया। उपरोक्त जानकारी संजय जाधव, अध्यक्ष,श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर समिति ग्राम सिरपुर व ग्राम शिकारपुरा जिला बुरहानपुर द्वारा देते हुवे बताया गया कि इस आयोजन अंतर्गत 19 फरवरी को भव्य कलश यात्रा दोपहर 12 बजे निकाजी गई एवं भजन संध्या रात्रि 8 बजे से प्रभु इच्छा तक चलती रही। वही 20 फरवरी 2026 को यज्ञ हवन पूजा आरती प्राण प्रतिष्ठा सुबह 8 बजे से 12 बजे तक एवं दर्शन लाभ और महा प्रसाद विशाल भंडारा 12 बजे से हुवा जिसमें 8 हजार से अधिक भक्तो ने इसका लाभ लिया। इस आयोजन में मोतीराम चौहान ,रामभाऊ पाटिल, रविन्द्र लक्ष्मण पाटिल ,अर्जुन जाधव ,सुखराम चौहान ,दिनेश पाटिल, खिवराज राठौड़ ,माणिकराव पाटिल ,रविंद्र देशमुख ,अरुण यादव ,अर्जुन बोबडे ,बाबूराव पाटिल ,काशीनाथ भारते ,मधु पटेल ,नवीन आड़े ,दीपक पाटिल ,फूलसिंह जाधव ,सुनील भारते ,चरण सरदार ,दर्शन जाधव आदि की उपस्थिती सराहनीय रही।

मूकबधिर अंध विद्यालय में आर्ट ऑफ़लिविंग शिविर

बुरहानपुर। जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मुक बधिर अंध विद्यालय में आर्ट आफलीवींग द्वारा श्री रविशंकर आचार्य के सानिध्य में शाला के बच्चों को इनट्यूशन अन्तर्ध्यान 3 दिवसीय शिविर आयोजित किया गया ।शिविर का समापन प्रात: 11 बजे संस्था अध्यक्ष कैलाश भाई अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ , उक्त कार्यक्रम में बच्चों द्वारा आंखों पर पट्टी बांध कर विभिन्न कलाकृतियां बनाई गई ।नोट रुपए पर अंकित नम्बर आदि सटिक बताये गये ।बच्चों द्वारा इतने कम समय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया ।शिविर अवसर पर आर्ट आफ लिविंग से मुख्य प्रशिक्षक इंदौर से पधारी गरिमा खंडेलवाल,सहायक प्रशिक्षक दिपाली पंडित, स्नेहा सुगंधी, वालंटियर रजनी अग्रवाल, रवीन्द्र पंडित ,विजय दुम्बवानी, दिपक अदमने , प्रकाश काशिवाल, राजू कापड़िया,निलेश कापड़िया, राजेन्द्र येवले, मोना दुम्बवानी एवं शाला स्टाफ उपस्थित था । कार्यक्रम अवसर पर संस्था अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

अपमानित करने पर किया मंत्री का पुतला दहन

बुरहानपुर। शाहपुर बस स्टैंड पर मंत्री का पुतला दहन किया गया । प्रदेश कांग्रेस सह सचिव इंद्रसेन देशमुख ने बताया कि विधानसभा में हुए भाजपा के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघाल का अभद्र शब्दों से अपमान किया एवं प्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह ने देश की बेटी सोफिया कुरैशी का अपमान,राजेंद्र शुक्ला जहरीली कॉक्सीरप से बच्चों की मौत के बार.बार मध्य प्रदेश की जनता को अपशब्दों से अपमानित करना,उनकी जान से खिलवाड़ जैसे कार्य हो किए जाने के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर बलवंत पाटिल ,नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुर शैलेंद्र इंगले ,किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश बुनगाल बुरहानपुर द्वारा इनका प्रतिकारत रूप से पुतला दहन किया गया।

इस दौरान नगर परिषद पार्षद कैलाश असेरकर ,युथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष दीपक पाटिल, पुर्व पार्षद सुभाष अवसरमल, संतोष ससाने, पुर्व युथ कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद आमोदे ,पवन शेडके, कैलाश गावंन्डे , अरविन्द मोतेकर, प्रशांत मोरे, हंसराज पाटील, किशोर चौधरी सहित ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इस कार्यकम्र में शाहपुर बस स्अेझड पर उपस्थित थे ।

कक्षा पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू

नेपानगर। कक्षा पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी है इसे लेकर विद्यार्थी भी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को विभिन्न केंद्रों पर परीक्षा हुई। संकुल केंद्र भातखेड़ा में प्राथमिक पूर्व माध्यमिक परीक्षा का आयोजन हो रहा है। संकुल केंद्र भातखेड़ा में कुल 5 परीक्षा केंद्र हैए जिसमें कक्षा पांचवी में कुल 492 छात्र छात्रा है जिसमें से 424 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए।68 बच्चे अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह पांचों केंद्रों पर कक्षा आठवीं में 290 बच्चे थे,जिसमें से 254 बच्चे परीक्षा में सम्मिलित हुए और 36 बच्चे अनुपस्थित पाए गए परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से पांचों केंद्रों पर संचालित किया गया। सभी कक्षा में पानी,बिजली की व्यवस्था पाई गई। शुक्रवार को कक्षा पांचवी, आठवीं में हिंदी माध्यम का पर्चा हल किया गया। परीक्षा के बाद संकुल केंद्र भातखेड़ा में सभी बच्चों की ऑनलाइन अटेंडेंस पोर्टल पर लगाई गई। जनशिक्षक राजेश कापड़े ने बताया कि किसी भी पर्यवेक्षक को कक्षा में मोबाइल ले जाने नहीं दिया गया। सभी के मोबाइल केंद्र अध्यक्ष के पास जमा किए गए।

बच्चों को पिलाई जा रही विटामिन .ए की दवा

बुरहानपुर। शासन के निर्देशानुसार बच्चों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए, जिले में 19 मार्च 2026 तक दस्तक अभियान का दूसरा चरण संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमें विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर घर.घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही हैं। अभियान के दौरान बच्चों को विटामिन.ए की खुराक दी जा रही है तथा एनीमिया जांच सहित आवश्यक उपचार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही कुपोषित एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र , ;एनआरसी रेफर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य 5 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों में एनीमिया, कुपोषण, दस्त एवं निमोनिया जैसी बीमारियों की प्रारंभिक स्तर पर पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। अभियान में आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर.घर भ्रमण कर बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है ।

लोधीपुरा उद्योग नगर के लिए 1 .95 करोड़ रुपए स्वीकृत : चिटनिस

बुरहानपुर को औद्योगिक विकास की बड़ी सौगात।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर के औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों का बड़ा परिणाम सामने आया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा लोधीपुरा स्थित उद्योग नगर में सड़क, नाली एवं अन्य आधारभूत विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 95 लाख 40 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित, भोपाल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025.26 के अंतर्गत प्रदान की गई है। यह स्वीकृति बुरहानपुर जिले के औद्योगिक अधोसंरचना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे उद्योग नगर क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार होगा और उद्योगों को सुगम वातावरण प्राप्त होगा। स्वीकृति पर श्रीमती चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

लोधीपुरा उद्योग नगर को मिलेगा आधुनिक औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर :- विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस लंबे समय से लोधीपुरा उद्योग नगर के समग्र विकास को लेकर सक्रिय रूप से प्रयासरत रही हैं। उद्योग नगर क्षेत्र में सड़क, जल निकासी, औद्योगिक भूखंडों के विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के अभाव को देखते हुए उन्होंने शासन स्तर पर निरंतर प्रस्ताव प्रस्तुत किए और उच्च स्तर पर संवाद स्थापित किया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप शासन द्वारा यह बड़ी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि से उद्योग नगर में नई सड़कों का निर्माण, नालियों का निर्माण, जल निकासी प्रणाली का सुदृढ़ीकरण, औद्योगिक परिसर विकास,भूखंडों के समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

उद्योगों को मिलेगा अनुकूल वातावरण, निवेश को बढ़ावा:- लोधीपुरा उद्योग नगर बुरहानपुर जिले का प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र हैए जहां बड़ी संख्या में लघु एवं मध्यम उद्योग संचालित हैं। सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास से उद्योगों को सुचारु संचालन में सुविधा मिलेगी, परिवहन व्यवस्था बेहतर होगी और उद्योगों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। आधुनिक अधोसंरचना के विकास से उद्योगों का विस्तार होगा और जिले में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी। लघु एवं मध्यम उद्योगों के विस्तार से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं अप्रत्यक्ष रूप से व्यापार, परिवहन, सेवा क्षेत्र और आपूर्ति श्रृंखला में भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। औद्योगिक विकास से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और बुरहानपुर को औद्योगिक केंद्र के रूप में नई पहचान मिलेगी।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि स्वीकृत विकास कार्यों का क्रियान्वयन मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादितए भोपाल द्वारा किया जाएगा। निर्माण एजेंसियों द्वारा कार्य की प्रगति और व्यय का विवरण नियमित रूप से प्रस्तुत किया जाएगाए जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैंए ताकि उद्योगों और क्षेत्रवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके।

विधायक चिटनिस ने कहा कि लोधीपुरा स्थित उद्योग नगर में स्वीकृत राशि उद्योगों को नई ऊर्जा देगी,निवेश को बढ़ावा देगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी। बुरहानपुर को औद्योगिक विकास का मजबूत केंद्र बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विकास की यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

बुरहानपुर विकास की दिशा में एक और मजबूत कदम:- यह स्वीकृति बुरहानपुर जिले के औद्योगिक अधोसंरचना विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। श्रीमती अर्चना चिटनिस के नेतृत्व में बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों की नई श्रृंखला प्रारंभ हो रही है और शासन की योजनाओं का लाभ आम नागरिकों, उद्योगपतियों और श्रमिकों तक पहुंचाया जा रहा है।

डायबिटीज़ के मरीजों में केवल शुगर लेवल कम रखना ही पर्याप्त नहीं, स्थिर बनाए रखना भी जरूरी

मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल बुरहानपुर में बुजुर्गों की डायबिटीज़ के इलाज पर महत्वपूर्ण शोध

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल बुरहानपुर में बुजुर्गों की डायबिटीज़ के इलाज पर महत्वपूर्ण शोध किया गया। इस शोध में यह सामने आया है कि डायबिटीज़ के मरीजों में केवल शुगर लेवल कम रखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे लंबे समय तक स्थिर बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

शोध के अनुसार,अगर शुगर लेवल बार.बार अधिक ऊपर.नीचे होता है, तो इससे आंखों ,रेटिनोपैथी, गुर्दों ;नेफ्रोपैथी और नसों ,न्यूरोपैथी पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, जिससे मरीज को भविष्य में स्थायी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बुजुर्ग मरीजों में डायबिटीज़ के कारण होने वाली जटिलताओं को रोकने के लिए इलाज की रणनीति में बदलाव ज़रूरी है। अब इलाज का लक्ष्य सिर्फ शुगर कम करना नहीं, बल्कि उसे संतुलित और स्थिर बनाए रखना होना चाहिए।

यह शोध हॉस्पिटल के पैथोलॉजी विभाग की डॉ.हर्षदा भंगाले द्वारा किया गया है। डॉ.भंगाले के अनुसार,डायबिटीज के मरीजों में शुगर का उतार.चढ़ाव शरीर के अंदर धीरे.धीरे नुकसान पहुंचाता है, इसलिए नियमित जांचए सही दवा और संतुलित जीवनशैली सबसे अहम है। यह शोध न केवल मरीजों के लिए बल्कि चिकित्सकों के लिए भी एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शन है, जिससे बुजुर्गों में डायबिटीज़ से जुड़ी गंभीर बीमारियों को समय रहते रोका जा सकता है। हॉस्पिटल प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार के शोध भविष्य में क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाएंगे।

चार किसानों के बाड़े से 9 गाय हुई चोरी की पुलिस शिकायत

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। शाहपुर। शाहपुर क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार सुबह 10 बजे फेपनार एवं बडसिंगी के किसान अशोक चौधरी और अरुण जगन्नाथ एवं फेपनार के योगेश पिता श्रीराम महाजन की चार गाए एवं विनायक रघुनाथ पाटिल की दो गाए खेत के बाडे का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति लेकर गया ।जिसकी शिकायत शाहपुर थाने में पहुंचकर शाहपुर थाने में नऊ गाय चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई है ।दो किसानों ने बताया कि हम शाम के समय में खेत के बाड़े में अपनी गायों को बांधकर आए थे ।लेकिन जब सुबह के समय में पहुंचे तो बाडे में गाए नहीं थी ।फेपनार एवं बडसिंगी के चार किसानों की नऊ गाय क्षेत्र में चोरी होने का मामला सामने आया है । किसानों ने बताया की हमने इसलिए आज लिखित में शाहपुर थाने में शिकायत की है और ऐसे चोरों पर कड़ी कार्रवाई की जाए इसकी मांग की है। किसानों का कहना है कि हमारी गायों की क़ीमत करीबन 5 लाख रुपए से ज्यादा पालतु पशु मलिक किसानों का नुकसान हुआ है ।शाहपुर पुलिस ने आवेदन लेकर अज्ञात चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है ।

माँ ताप्ती संपूर्ण परिक्रमा पदयात्रा आज पहुँचेगी बुरहानपुर

बुरहानपुर। ताप्ती सेवा समिति, बुरहानपुर द्वारा जानकारी दी गई है कि माँ ताप्ती संपूर्ण परिक्रमा पदयात्रा दिनांक 21 फरवरी 2026 शनिवार को बुरहानपुर नगरी में प्रवेश करेगी। यह पावन पदयात्रा 2 जनवरी 2026 को मध्यप्रदेश के बैतूल जिले स्थित ताप्ती नदी के उद्गम स्थल ताप्ती नदी उद्गम स्थल,मुलताई से विधिवत पूजन.अर्चन के साथ प्रारंभ हुई थी।

यह परिक्रमा यात्रा ताप्ती नदी के प्रवाह क्षेत्र से होते हुए महाराष्ट्र एवं गुजरात के विभिन्न तीर्थस्थलों से गुजरकर सूरत तक पहुँची तथा वहाँ से पुन: वापसी मार्ग से चलकर अब बुरहानपुर आ रही है। बुरहानपुर ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से ताप्ती तट की महत्वपूर्ण नगरी है, जहाँ माँ ताप्ती के प्रति श्रद्धा और आस्था का विशेष महत्व है। ताप्ती सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पदयात्रा माँ ताप्ती के प्रति श्रद्धा, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रचार.प्रसार का संदेश लेकर चल रही है। यात्रा में विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संतजन एवं मातृशक्ति सहभागी हो रहे हैं। समिति ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं मातृशक्ति से आग्रह किया है कि वे 21 फरवरी 2026 को शहर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार, पुष्पवर्षा, आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन प्रस्तावित है। समिति ने सभी भक्तजनों से अपील की है कि कार्यक्रम में अनुशासन एवं श्रद्धा बनाए रखते हुए माँ ताप्ती का आशीर्वाद प्राप्त करें।

हिंगलाज जयंती उत्सव : तैयारी पर भावसार क्षत्रिय समाज की साधारण सभा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भावसार क्षत्रिय समाज बुरहानपुर की कुलदेवी माँ हिंगलाज जयंती उत्सव के प्रकट दिवस की तैयारी को लेकर साधारण सभा आज शनिवार रात्रि 8.30 बजे नागझीरी में कबीर पंथी मंदिर के सामने स्थित समाज भवन के विशाल सभा गृह में रखी गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए समाज प्रभारी मुकेश मालवी, समाज सचिव कैलाश भागवत व मीडिया प्रभारी प्रदीप पवार ने बताया कि आज की महत्वपूर्ण बैठक में हिंगलाज जयंती उत्सव पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा और महाप्रसादी ,जात गंगा के विषय को लेकर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। ज्ञात हो कि इतवारा' 'मालवीय वार्ड भावसार क्षत्रिय समाज की बाहुल्यता वाला निवासीय क्षेत्र है, जिसकी विशेषता यह है कि यहाँ 1किलोमीटर की परिधि में लगभग तीन हजार से अधिक सभी समाजजन एक साथ निवास करते हैं, इसलिए समाज की कुल देवी हिंगलाज जयंती का बुरहानपुर में आयोजित होने वाले उत्सव की पूरे भारत में एक विशेष पहचान बनी हुई है। आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में ऑल इंडिया भावसार क्षत्रीय महासभा के जनरल सेक्रेटरी ,इवेंट एडवोकेट संतोष देवताले,मध्य प्रदेश राज्य पावरलूम बुनकर सहकारी संघ के अध्यक्ष जयंतीलाल नवलखे, समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश काशीकर,वार्ड पार्षद अमित नवलखे,दिलीप चौधरी, समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष,लीलाधर भावसार, दिनेश धारे, राजेन्द्र पवार, देवेंद्र मालवीय, मुकेश मगरे, शासकीय लोक अभियोजक एडवोकेट भूपेंद्र जूनागड़े,भावसार महिला मंडल अध्यक्ष अलका जाधव व समस्त महिलाएं एवं युवा परिषद के अध्यक्ष मोनु काशीकर एवं अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहेंगे। प्रचार मंत्री अरुण सूर्यवंशी ने समाज के महिला पुरुष एवं युवा साथियों से समय के साथ आज की साधारण सभा में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

पूर्व विधायक सुमित्रा कासडेकर बनी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेशउपाध्यक्ष

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पंकजसिंह तेकाम मध्यप्रदेश द्वारा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत जी खंडेलवाल की सहमति से जारी प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्तियों में बुरहानपुर जिले के नेपा नगर से पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा कासडेकर को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया। जिसको लेकर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता,पूर्व मंत्री एवं विधायक अर्चना चिटनिस दीदी ने उन्हें भाजपाई अंगवस्त्र पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया।

चिटनिस ने कहा कि कास्डेकर ऊर्जावान और भाजपा की निष्ठावान कार्यकर्ता हैं, वे सतत् पार्टी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहती है। प्रदेश के जनजाति क्षेत्र में उनकी पकड़ से संगठन को मजबूती मिलेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर श्री मनोज जी माने ने भी कहा कि भाजपा संगठन गढ़ चलो , सुपथ पर बड़े चलो के सिद्धांत पर कार्य करने वाली पार्टी हैं ,इसका एक एक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता है और पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा जी कास्डेकर में भी वही भाव विद्यमान दिखाई देते हैं, आपने उन्हें बधाई देते हुवे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत जी खंडेलवाल एवं जनजाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष तेकाम का आभार व्यक्त किया।

महामंत्री श्री चिंतामन जी महाजन ,भाजपा कोषाध्यक्ष कैलाश जी पारीक ,पूर्व उपसरपंच सचिन मंडलकर ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की ।

दस्तक अभियान के दूसरा चरण में बच्चों को पिलाई जा रही विटामिन की दवा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। शासन के निर्देशानुसार बच्चों के स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए जिले में 19 मार्च 2026 तक दस्तक अभियान का दूसरा चरण संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त टीमें विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर घर.घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही हैं।

अभियान के दौरान बच्चों को विटामिन.ए की खुराक दी जा रही है तथा एनीमिया जांच सहित आवश्यक उपचार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही कुपोषित एवं गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र , ;एनआरसी रेफर किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य 5 वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों में एनीमिया, कुपोषण, दस्त एवं निमोनिया जैसी बीमारियों की प्रारंभिक स्तर पर पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। अभियान में आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर.घर भ्रमण कर बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है तथा परिजनों को पोषण एवं स्वच्छता संबंधी आवश्यक सलाह भी दी जा रही है।

रमजान त्यौहार के चलते थाना क्षेत्र में की जा रही है सतत फुट पेट्रोलिंग

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार द्वारा रमजान त्यौहार में सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में अति.पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थाना चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 20/02/2026 को थाना/चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया,भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलों,बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि क्षेत्र में फूट पेट्रोलिंग की गई। अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई। फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के संबंध में किया जा रहा है लोगों को जागरूक।

बुरहानपुर पुलिस की आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर — शहर में उत्साह का माहौल,आतिशबाजी कर शिवाजी महाराज की आरती भी की गई ..

छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर कार्यक्रम, विशाल रैली का आयोजन

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जन्म जयंती के अवसर पर नगर में उत्सवी माहौल देखने को मिला। नगर में जमकर आतिशबाजी की गई तो वहीं शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर आरती भी की गई।हजारों की संख्या में मराठा समाज के लोग शामिल हुए।

शहर में दो दिनों तक अलग अलग आयोजन हुए। गुरूवार को निकली भव्य शोभायात्रा से एक दिन पहले शिव उत्सव भी मनाया गया। धूलिया जिले से पधारे पंडित महाराज विशाल वरुडकर ने नेपानगर स्थित शिवाजी चौक पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में अपने ओजस्वी वचनों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवनए संघर्षों और उनके द्वारा स्थापित मराठा समाज की सुदृढ़ नींव पर प्रकाश डाला। पंडित महाराज ने अपने प्रभावशाली प्रवचन में बताया कि किस प्रकार छत्रपति शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए मराठा समाज के अस्तित्वए स्वाभिमान और संगठन की मजबूत आधारशिला रखी। उनके प्रेरणादायी विचारों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र पाटिल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिवाजी महाराज के आदर्शों को वर्तमान समाज के लिए मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र पाटिल, योगिता राजू दामू पाटिल द्वारा किया गया।

दूसरे दिन निकली भव्य शोभायात्रा:--जन्म जयंती के अवसर पर गुरूवार शाम से देर रात तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। वहीं शिवाजी चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का दुग्धए जल से विधिवत अभिषेक किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल ने भी शिवाजी महाराज के जीवन और उनके आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सम्पूर्ण कार्यक्रम उत्साह, श्रद्धा अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ। नगरवासियों ने इसे सामाजिक एकता और शिवाजी महाराज के आदर्शों के प्रति अपनी अटूट आस्था का प्रतीक बताया।

यह रहे मौजूद:-नगर में निकली भव्य शोभायात्रा में नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण कटकार, समाजसेवी विनोद पाटिल,मराठा समाज अध्यक्ष राजू दामू पाटिल, विजय यादव, पार्षद जितेंद्र सावकारे, गिरीश नीमा, ललित चौहान, तरुण पाटिल,सुभाष पाटिल, राहुल यादव, नितेश वर्मा, पार्षद अंबादास सोनवणे, दिलीप लोंधे, विलासराव पाटिल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।